Need to extend the services of Brahmaputra mail upto Jaipur - laid

श्री नरेन्द्रकुमार (झुन्झुनू): ट्रेन संख्या 15657/15658 ब्रह्मपुत्र मेल दिल्ली से कामाख्या के बीच चलती है। ब्रह्मपुत्र मेल को अगर दिल्ली से लोहारू, झुंझुनूं, सीकर, रिंगस से होते हुए ढेहर का बालाजी/खातीपुरा (जयपुर) बढ़ा दिया जाए तो यह राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, बिहार, प. बंगाल से पूर्वोत्तर आदि राज्यों के लिये पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण साबित हो सकती है। इसके अलावा इस ट्रेन का विस्तार किये जाने पर पूर्वोत्तर के माँ कामाख्या मन्दिर दर्शन से लेकर राजस्थान के धार्मिक स्थल श्री श्याम दरबार खाटू, सालासर बालाजी धाम, जीण माताजी, शाकम्बरी शक्तिपीठ, लोहार्गल सूर्य मन्दिर, तीर्थराज पुष्करजी, अजमेर दरगाह शरीफ तक आने जाने वाले समस्त यात्रियों एवं भक्तजनों को रेल यातायात का लाभ मिलेगा। इसके अलावा समस्त सैनिकों, व्यापारियों एवं नौकरी पेशा करने वाले लोगो के साथ ही कोचिंग व उच्च शिक्षा अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों को भी इस यात्रा से सुविधा प्राप्त होगी।